राज्यपाल सचिवालय

लोकभवन, राजस्थान

राज्यपाल ने शौर्य संध्या में भाग लिया

राज्यपाल ने भारतीय सेना के शौर्य की सराहना की

जयपुर, 15 जनवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने गुरुवार को देश के रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह, मिजोरम के राज्यपाल श्री वी. के. सिंह, मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी आदि गणमान्य जनों के साथ सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित शौर्य संध्या में भाग लिया। राज्यपाल ने थल सेना दिवस की सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी।

इस दौरान रक्षा मंत्री ने फर्स्ट डे कवर का अनावरण करने के साथ मां भारती के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को मरणोपरांत सम्मानित किया। रक्षा मंत्री द्वारा पूर्व सैनिकों, उनके परिजनों, वीर नारियों आदि को विभिन्न कल्याण योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए प्रोजेक्ट नमन के सौवें केंद्र का सूरतगढ़ में ऑनलाइन शुभारंभ किया। राज्यपाल ने राजस्थान में इसकी स्थापना के लिए आभार जताया।

राज्यपाल ने वहीं शौर्य संध्या पर भारतीय सेना की वीरता और साहस पर निर्मित मल्टीमीडिया फिल्म, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी देखे। बाद में सेना द्वारा एक हजार ड्रोन का भी मनोहारी प्रदर्शन हुआ।

SHAURYA SANDHYA

OPERATION
SINDOOR
SHAURYA SANDHYA
भारतीय सेना, शौर्य एवं बलिदान की परंपरा